2021

HINDI — GENERAL

Paper : LCC-2(2)

(Hindi Bhasha aur Sampreshan)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) भाषा की सबसे छोटी और बड़ी इकाई का उल्लेख कीजिए।

(ख) 'य, र, ल, व' कैसे व्यंजन हैं?

(ग) हिन्दी वर्णमाला में कितने स्वर एवं व्यंजन हैं?

(घ) अल्पप्राण एवं महाप्राण ध्वनि का एक-एक उदाहरण दीजिए।

(ङ) उद्देश्य और विधेय किसके अंतर्गत आते हैं?

(च) 'इ' और 'उ' का उच्चारण स्थान बताइए?

(छ) 'हमलोग अभी स्कूल से आए हैं'; – इस वाक्य में संज्ञा और सर्वनाम का उल्लेख कीजिए।

(ज) 'राजू गिटार बजा रहा है' – इसमें कौन-सी क्रिया है? उसका नाम लिखिए।

(झ) 'उष्म ध्वनि' के दो उदाहरण दीजिए।

(ञ) निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए।

(अ) मुझे फूलों का एक माला खरीदनी है।

(आ) रमा ने अपना पुस्तक टेबल पर रखा।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) भाषा की परिभाषा बताते हुए उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'कोरोना महामारी ने आमलोगों के जीवन पर कैसा प्रभाव डाला' इसे रेखाकिंत करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

(ग) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत – उक्त पंक्ति का भाव-पल्लवन कीजिए।

(घ) भाषा संप्रेषण की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए उसके विविध चरणों का उल्लेख कीजिए।

(ङ) वाक्य की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए उसके भेदों का उल्लेख कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** पर टिप्पणी लिखिए : 5×3

(क) बलाघात

(ख) कारक और विभक्ति

(ग) भाषा के विविध रूप

(घ) सर्वनाम की परिभाषा और उसके भेद

(ङ) आशय लेखन